संघ लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2020
(सामान्य अध्ययन-II)
मॉडल पेपर-2

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 250**

1. "न्यायिक सक्रियता जब एक सीमा से आगे बढ़ जाती है तो यह शक्ति पृथक्करण के सिद्धांत की भावना का उल्लंघन करती है और संविधान को सीधे तौर पर चुनौती प्रदान करने लगती है।"अपने विचार व्यक्त कीजिये। **(150 शब्द) 10**
2. यद्यपि दबाव समूह चुनाव की राजनीति में प्रत्यक्ष तौर पर भाग नहीं लेते, किंतु फिर भी ये अपने हितों के पक्ष में सरकारी नीतियों को प्रभावित करते हैं। उदाहरणों के माध्यम से इनकी प्रभाविता का मूल्यांकन कीजिये। **(150 शब्द) 10**
3. 'अधिकरण' (Tribunal) क्या होते हैं? प्रमुख अधिकरणों की चर्चा करते हुए प्रशासनिक अधिकरण एवं न्यायालय के बीच अंतर स्पष्ट कीजिये। **(150 शब्द) 10**
4. "परिसंघवाद का सिद्धांत भारत के संविधान के आधारभूत अभिलक्षणों में से एक है, किंतु भारतीय संविधान के अंतर्गत परिसंघवाद का केंद्र की ओर झुकाव परिसंघवाद की संकल्पना के प्रति विरोध प्रदर्शित करता है" समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये। **(150 शब्द) 10**
5. भारतीय राज्यों द्वारा धार्मिक अत्याचार का विरोध करने तथा राज्य के हित में समय-समय पर धर्मनिरपेक्षता के महत्त्व को स्पष्ट करने हेतु धर्म के साथ निषेधात्मक संबंध भी स्थापित किये गए हैं। तीन तलाक तथा सबरीमाला के हालिया मुद्दों के संदर्भ में चर्चा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
6. हाल ही में जारी 'वैश्विक पोषण रिपोर्ट -2020' भारत को उन राष्ट्रों में शामिल करती है, जिनके लिये वर्ष 2025 तक 'वैश्विक पोषण लक्ष्यों' को प्राप्त करना संभव नहीं है। रिपोर्ट में भारत के संदर्भ में प्रस्तुत बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए पोषण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु उपायों का सुझाव दीजिये। **(150 शब्द) 10**
7. संयुक्त राष्ट्र तथा इसके विभिन्न घटकों एवं निकायों द्वारा 'पर्याप्त आवास के अधिकार' को बुनियादी मानवाधिकार के रूप में स्वीकृति दी गई है, इसके बाद भी भारत में लोगों का एक बड़ा वर्ग इस अधिकार को प्राप्त नहीं कर पाया है। कारणों का उल्लेख करते हुए सरकार द्वारा किये गए प्रयासों का उल्लेख कीजिये। **(150 शब्द) 10**
8. 'तेजस्विनी कार्यक्रम' की भारत में युवा महिलाओं और किशोरियों के सशक्तीकरण में भूमिका की विवेचना करें।
9. 'वैकल्पिक विवाद समाधान' क्या है? इस संदर्भ में 'सिंगापुर कन्वेंशन ऑन मिडिएशन' की चर्चा करते हुए भारत के लिये इसके महत्त्व को स्पष्ट कीजिये। **(150 शब्द) 10**
10. अरब देशों द्वारा इज़राइल के प्रति परिवर्तित किये जा रहे अपने दृष्टिकोण के कारणों की 'अब्राहम समझौते' के परिप्रेक्ष्य में जाँच करते हुए स्पष्ट करें कि भारत के लिये यह समझौता किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है? **(150 शब्द) 10**
11. किस प्रकार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 भारत की संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया का आधार स्तंभ हैं? परीक्षण करते हुए इनके महत्त्व को स्पष्ट कीजिये। **(250 शब्द) 15**
12. भारत में राज्यों में राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेशों में उपराज्यपाल की भूमिका और महत्त्व की चर्चा करते हुए संघीय राजनीति में इन पदों से संबंधित चिंताओं का उल्लेख भी करें। **(250 शब्द) 15**
13. संविधान की छठी अनुसूची के संवैधानिक उपबंधों तथा किसी क्षेत्र को छठी अनुसूची में शामिल किये जाने पर उसे प्राप्त होने वाले लाभों का उल्लेख करते हुए इस सूची से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर भी प्रकाश डालें। **(250 शब्द) 15**
14. 'एक देश एक राशन कार्ड' योजना प्रवासियों हेतु 'भोजन का अधिकार' सुनिश्चित कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के उद्देश्य को पूरा करेगी। विवेचना करते हुए इस योजना के समक्ष संभावित चुनौतियों का उल्लेख करें। **(250 शब्द) 15**
15. कोविड-19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों ने किस प्रकार भारतीय लोकतंत्र में संसद की भूमिका को प्रभावित किया है? वर्तमान कोविड संकट के परिप्रेक्ष्य में संसद के विधायी अधिकारों की महत्ता की रक्षा हेतु कुछ नवाचारी उपायों का सुझाव दीजिये। **(250 शब्द) 15**

Drishti IAS

16. भारत में वर्तमान में स्वास्थ्य क्षेत्र आवश्यकतानुरूप गतिशील नहीं है। इसे गति प्रदान करने में राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की महत्त्वपूर्ण भूमिका का परीक्षण कीजिये। **(250 शब्द) 15**

17. राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में स्वयं सहायता समूहों (SHGs) का महत्त्वपूर्ण योगदान है, लेकिन वर्तमान समय में इनके द्वारा बैंकों से प्राप्त किया गया ऋण गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (NPA) में परिवर्तित होता जा रहा है। कारणों का परीक्षण करते हुए सुधार हेतु उपाय बताइये। **(250 शब्द) 15**

18. विधिक न्याय ने सामाजिक न्याय की स्थापना में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है, फिर भी हमें इस बात को स्वीकार करना होगा कि सामाजिक न्याय को सिर्फ विधिक उपायों के माध्यम से ही प्राप्त नहीं किया जा सकता, इसके लिये यह भी आवश्यक है कि समाज की सुषुप्त चेतना को जाग्रत किया जाए। टिप्पणी कीजिये। **(250 शब्द) 15**

19. चीन केंद्रित आर्थिक वैश्वीकरण में सुधार हेतु क्वाड (Quad) एक बड़ा अवसर प्रदान कर सकता है। विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए इसके समक्ष आने वाली चुनौतियों को रेखांकित कीजिये। **(250 शब्द) 15**

20. भारत और यूरोपीय संघ के बीच हाल ही में किये गए 'एकीकृत स्थानीय ऊर्जा प्रणाली' से संबंधित समझौते से होने वाले प्रमुख लाभों को स्पष्ट करते हुए भारत तथा स्वीडन के मध्य विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में होने वाली साझेदारी की विवेचना कीजिये। **(250 शब्द) 15**

Drishti IAS